दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक : 29.09.2023 का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1.	प्रो0 पूनम टण्डन, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 अहमद नसीम	सदस्य
3.	डॉ0 गणेश कुमार	सदस्य
4.	प्रो0 सुभी धूसिया	सदस्य
5.	प्रो0 कमलेश कुमार गौतम	सदस्य
6.	प्रो0 दिनेश यादव	सदस्य
7.	प्रो0 उमेश यादव	सदस्य
8.	प्रो0 वशिष्ट नारायण पाण्डेय	सदस्य
9.	डॉ0 उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी	सदस्य
10.	डॉ0 राजेश पाण्डेय	सदस्य
11.	डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह	सदस्य
12.	प्रो0 (डॉ0) शरदचन्द्र मिश्र	सदस्य
13.	प्रो0 (डॉ0) बृजेश कुमार पाण्डेय	सदस्य
14.	प्रो0 (डॉ0) अर्जुन मिश्र	सदस्य
15.	डॉ0 धीरेन्द्र सिंह	सदस्य
16.	श्री सन्त प्रकाश सिंह	वित्त अधिकारी
17.	प्रो0 शान्तनु रस्तोगी, कुलसचिव	सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा0 कुलपति जी के साथ–साथ कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। इसके पश्चात कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति जी के निर्देश पर कार्यसूची क्रमशः पटल पर विचारार्थ प्रस्तुत की गयी।

कार्यवृत्तः–

बिन्दु संख्या	प्रस्ताव एवं निर्णय
1.	कार्य परिषद ने मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या–27160/2018 वेंकटेश कुमार पाण्डेय बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक 18.01.2019, अवमानना याचिका (Contempt Application) संख्या–2430/2019 में पारित आदेश दिनांक 24.02.2023,18.04.2023, 26.05.2023, 27.07.2023 एवं मा0 कार्यपरिषद के निर्णय दिनांक 27.04.2023 के क्रम में विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ से पत्राचार किये जाने पर उनके द्वारा प्रेषित पत्र संख्या–1382/सत्तर–4–2023 दिनांक 26.07.2023 के आलोक में विश्वविद्यालय के रसायनशास्त्र विभाग में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में विचार किया। कार्यपरिषद ने मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित रिट याचिका संख्या–27160/2018 वेंकटेश कुमार पाण्डेय बनाम उ0प्र0 राज्य एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 18.01.2019, के अनुपालन हेतु दाखिल अवमानना याचिका (Contempt Application) संख्या–2430/2019 वेंकटेश कुमार पाण्डेय बनाम विजय कृष्ण सिंह, कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में पारित आदेश दिनांक 24.02.2023,18.04.2023, 26.05.2023, 27.07.2023 एवं मा0 कार्यपरिषद के निर्णय दिनांक 27.04.2023 के क्रम में विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन, उच्च शिक्षा अनुभाग–4, लखनऊ से पत्राचार पर शासन द्वारा प्रेषित पत्र संख्या–1382/सत्तर–4–2023 दिनांक 26.07.2023 को उच्च न्यायालय में प्रस्तुत करने के उपरान्त अवमानना याचिका में पारित आदेश दिनांक 25.09.2023 द्वारा विश्वविद्यालय को न्यायालय द्वारा याचिका में पारित आदेश के अनुपालन हेतु अंतिम अवसर दिये जाने के पश्चात मा0 कार्यपरिषद की आकस्मिक बैठक में कुलसचिव द्वारा रसायनशास्त्र विभाग में सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में सदस्यों को अवगत

	कराया गया। मा0 कार्यपरिषद ने मा0 उच्च न्यायालय में विश्वविद्यालय द्वारा दाखिल स्पेशल अपील संख्या–263/2019 कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं अन्य बनाम वेंकटेश कुमार पाण्डेय में पारित होने वाले निर्णय के अधीन वेंकटेंश कुमार पाण्डेय को रसायनशास्त्र विभाग में सहायक आचार्य पद नियुक्त किये जाने का निर्णय लिया।
2.	अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार
2(i)	कार्य परिषद ने वित्त समिति की बैठक दिनांक 29.09.2023 की संस्तुतियों पर विचार किया। सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने वित्त समिति की बैठक दिनांक 29.09.2023 की संस्तुतियों को स्वीकार किया।

कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0/
कुलपति

कुलसचिव

F: Committee1:Ex_Co_02-07-1807-10-1829-09-2023 EC

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर
कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक : 16.09.2023 का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1.	प्रो0 पूनम टण्डन, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 अहमद नसीम	सदस्य
3.	प्रो0 कमलेश कुमार गौतम	सदस्य
4.	प्रो0 दिनेश यादव	सदस्य
5.	प्रो0 वशिष्ट नारायण पाण्डेय	सदस्य
6.	डॉ0 उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी	सदस्य
7.	डॉ0 राजेश पाण्डेय	सदस्य
8.	प्रो0 (डॉ0) शरदचन्द्र मिश्र	सदस्य
9.	प्रो0 (डॉ0) बृजेश कुमार पाण्डेय	सदस्य
10.	प्रो0 (डॉ0) अर्जुन मिश्र	सदस्य
11.	डॉ0 शेखर वर्मा	सदस्य
12.	श्री सन्त प्रकाश सिंह	वित्त अधिकारी
13.	प्रो0 शान्तनु रस्तोगी, कुलसचिव	सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा0 कुलपति जी के साथ–साथ कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् मा0 कुलपति जी द्वारा निवर्तमान सदस्य प्रो0 रामअचल सिंह, कुलाधिपति नामिनी, प्रो0 वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी, कुलाधिपति नामिनी, प्रो0 कल्पलता पाण्डेय, कुलाधिपति नामिनी, मा0 न्यायमूर्ति श्री दिनेश पाठक, कुलाधिपति नामिनी,एवं डॉ0 ध्यानेन्द्र नारायण दूबे, प्राचीन इतिहास विभाग को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया एवं नवनामित सदस्य, प्रो0 नसीम अहमद,अधिष्ठाता–विधि संकाय, डॉ0 गणेश कुमार, अधिष्ठाता–औषधि संकाय, डॉ0 उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कम्प्यूटर सांइस विभाग, प्रो0 (डॉ0) शरदचन्द्र मिश्र, प्राचार्य, बी0आर0डी0पी0जी0 कालेज, देवरिया, प्रो0 (डॉ0) बृजेश कुमार पाण्डेय,प्राचार्य, रामजी सहाय पी0जी0 कालेज, रूद्रपुर, देवरिया एवं प्रो0 (डॉ0) अर्जुन मिश्र, प्राचार्य, संत विनोबा पी0जी0 कालेज, देवरिया का स्वागत करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की। इसके पश्चात कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति जी के निर्देश पर कार्यसूची क्रमशः पटल पर विचारार्थ प्रस्तुत की गयी।

कार्यवृत्तः–

बिन्दु संख्या	प्रस्ताव एवं निर्णय
1.	कार्य परिषद ने विद्या परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 16.09.2023 की संस्तुतियों पर विचार किया। सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने विद्या परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 16.09.2023 की संस्तुतियों को स्वीकार किया।

कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

ह0 /
कुलपति

SRastogi
कुलसचिव

F: Committee1:Ex_Co_02-07-1807-10-18Ex cu 16-09-2023

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

कार्य परिषद् की सामान्य बैठक दिनांकः 24.06.2023 का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1.	प्रो0 राजेश सिंह, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 सुभी धूसिया	सदस्य
3.	प्रो0 कमलेश कुमार गौतम	सदस्य
4.	प्रो0 उमेश यादव	सदस्य
5.	प्रो0 दिनेश यादव	सदस्य
6.	प्रो0 वशिष्ट नारायण पाण्डेय	सदस्य
7.	प्रो0 ध्यानेन्द्र नारायण दूबे	सदस्य
8.	डॉ0 राजेश पाण्डेय	सदस्य
9.	डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह	सदस्य
10.	डॉ0 शेखर वर्मा	सदस्य
11.	डॉ0 धीरेन्द्र सिंह	सदस्य
12.	प्रो0 रामअचल सिंह	सदस्य
13.	प्रो0 वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी	सदस्य
14.	श्री संत प्रकाश सिंह,वित्त अधिकारी	सदस्य
15.	श्री विशेश्वर प्रसाद, कुलसचिव	सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा0 कुलपति ज़ी के साथ–साथ कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। इसके पश्चात कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति जी के निर्देश पर कार्यसूची क्रमशः पटल पर विचारार्थ प्रस्तुत की गयी।

कार्यवृत्तः–

बिन्दु संख्या	प्रस्ताव एंव निर्णय
1.	कार्य परिषद ने कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 07.11.2022 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार किया । सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने अपनी बैठक दिनांक 07.11.2022 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया।
2.	कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 07.11.2022 में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रतिवेदन से अवगत होना। कार्य परिषद ने अपनी बैठक दिनांक 07.11.2022 में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया।
3.	कार्य परिषद् ने कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 27.04.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार । सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने अपनी आकस्मिक बैठक दिनांक 27.04.2023 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया।
4.	कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांक 27.04.2023 में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रतिवेदन से अवगत होना। कार्य परिषद ने अपनी आकस्मिक बैठक दिनांक 27.04.2023 में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही साथ डॉ0 वेंकटेश कुमार पाण्डेय की नियुक्ति किये जाने के सम्बन्ध में शासन को सहायक आचार्य पर नियुक्ति करने हेतु रोस्टर प्रभावित हुए बिना नियुक्ति हेतु एक पद सृजित करने हेतु पुनः अनुस्मारक पत्र प्रेषित किये जाने का निर्देश दिया।
5.	कार्य परिषद ने वित्त समिति की बैठक दिनांक 27.03.2023 की संस्तुतियों पर विचार किया। सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने वित्त समिति की बैठक दिनांक 27.03.2023 की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये वित्त अधिकारी को पुनः निर्देशित किया कि आगामी वित्तीय वर्ष में आय–व्यय का अनुमानित बजट को 31 मार्च के अन्दर वित्त समिति एवं कार्य परिषद से पारित करा लिया जाय।

6.	कार्यालय आदेश संख्या–1361 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 16.11.2022 के द्वारा माननीय कुलपति जी के आदेश दिनांक 11.11.2022 के अनुपालन में विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केन्द्र पर निर्धारित निश्चित मानदेय के आधार पर नियुक्ति डॉ सपना छापड़िया का दिनांक 12.09.2022 (पूर्व विस्तरण तिथि समाप्त होने के 05 दिन के अन्तराल पर) से छः माह अथवा नई नियुक्ति होने तक जों भी पहले होने तक के लिए सेवा विस्तारित किया जाता है। सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
7.	कार्यालय आदेश संख्या–1383 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 30.11.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 29.11.2022 के अनुपालन में डॉ0 श्वेता शेखर,सहा0 आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग, का इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पत्रांक सं0 05 / R/3564/2022 दिनांक 09.11.2022 के तहत सहायक आचार्य पद पर वनस्पति विज्ञान विषय में नियुक्ति हो जाने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय परिनियमावली के परिनियम 16.19 एवं उसके विभिन्न उपबन्धों 16.19 (ii d) एवं 16. 19 (iii) के अधीन कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 01.12.2022 से एक वर्ष तक के लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाता है और दिनांक 30.11.2022 को अपराह्न से कार्यमुक्त किया जाता है। इनका धारणाधिकार (Lien) नियमानुसार इस विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगा सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की साथ ही साथ विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं परिनियम में असाधारण अवैतनिक अवकाश एवं धारणाधिकार (Lien) सम्बन्धी दिये गये प्रावधान के अनुसार कार्यवाही किये जाने की संस्तुति की।
8.	कार्यालय आदेश संख्या–1402 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 03.12.2022 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में छात्रावास नियमावली के नियम 3.01 के अन्तर्गत कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में प्रो0 गोपाल प्रसाद,आचार्य, राजनीतिशास्त्र विभाग को तत्काल प्रभाव से कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से दो वर्ष अथवा अन्य कोई आदेश होने तक, जो भी पहले हो तक के लिए स्व0 राम प्रताप शुक्ल छात्रावास एवं अन्तराष्ट्रीय नेपाली छात्रावास का अभिरक्षक नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
9.	कार्यालय आदेश संख्या–1403 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 03.12.2022 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 29.11.2022 के अनुपालन में डॉ0 सत्यपाल सिंह, अर्थशास्त्र विभाग, को दिनांक 29. 11.2022 से एक वर्ष अथवा अन्य कोई आदेश होने तक जो भी पहले हो, तक के लिए व्यवसाय प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष के दायित्वों का निर्वहन करेंगे सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की।
10.	प्रो. हुमा जावेद सब्जपोश, आचार्य, अंग्रेजी विभाग के विदेश प्रवास के अवधि के अर्जित अवकाश की स्वीकृति से अवगत होना। कार्य परिषद ने प्रो. हुमा जावेद सब्जपोश, आचार्य, अंग्रेजी विभाग के विदेश प्रवास के अवधि के अर्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की।
11.	कार्यालय आदेश संख्या–11 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 06.01.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 14.12.2022 के अनुपालन में श्री सरस्वती चतुर्वेदी के पत्र दिनांक 06.01.2020 के क्रम में श्री सरस्वती चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त, डाटा इण्ट्री ऑपरेटर, विधि प्रकोष्ठ का दिनांक 05.05.2019 तक कुल अवकाश 164 दिन अर्जित अवकाश लेखे से समायोजित किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
12.	कार्यालय आदेश संख्या–16 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 06.01.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 14.12.2022 के अनुपालन में डॉ0 प्रेम प्रकाश पाण्डेय, सहायक आचार्य, ए0एन0डी0 किसान पी0जी0 कालेज, बभनान, गोण्डा के आवेदन पत्र दिनांक 10.10.2022 पर मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में डॉ0 प्रेम प्रकाश पाण्डेय,डा0ई0आ0, दी0द0उ0गो0वि0वि0 गोरखपुर के पूर्व में निर्गत कार्यालय आदेश पत्रांक 1382 / सा0प्र0 / 2020 दिनांक 11.11.2020 एवं पत्रांक 1043 / सा0प्र0 / 2021 दिनांक 25.11.2021 के क्रम में दिनांक 11.11.2022 से दिनांक 10.11.2023 तक एक वर्ष के लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश विस्तारित किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।

13.	कार्यालय आदेश संख्या–60 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 06.01.2023 के द्वारा मा0 कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 07.11.2022 के बिन्दु संख्या–35 के द्वारा लिए गये निर्णय के क्रम में एवं मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में डॉ0 विमलेन्दु अधिकारी, पूर्व सहायक आचार्य, रसायनशास्त्र विभाग का नियुक्ति राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान, राउरकेला में हो जाने के कारण तकनीकी त्यागपत्र (Technical Resignation) दिनांक 14.06.2021 से स्वीकृत किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
14.	कार्यालय आदेश संख्या–169 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 14.03.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश के दिनांक 10.03.2023 के अनुपालन में डॉ0 रूचिका सिंह ,सहा0 आचार्य,भूगोल विभाग, का इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद के पत्रांक सं0 05 / R/694/2023 दिनांक 25.02.2023 के तहत सहायक आचार्य पद पर भूगोल विभाग में नियुक्ति हो जाने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय परिनियमावली के परिनियम 16.19 एवं उसके विभिन्न उपबन्धों 16.19 (ii d) एवं 16.19 (iii) के अधीन कार्यपरिषद. की स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 16.03.2023 से एक वर्ष तक के लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाता है और दिनांक 15.03.2023 को अपराह्न से कार्यमुक्त किया जाता है। इनका धारणाधिकार (Lien) नियमानुसार इस विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगा सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
15.	कार्यालय आदेश संख्या–167 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 14.03.2023 के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 27.04 (यथा संशोधित) के अन्तर्गत कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 12.03.2023 के अनुपालन में प्रो0 आनन्दसेन गुप्ता, अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय के दिनांक 15.03.2023 के अपराह्न से सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप चक्रानुक्रम के अन्तर्गत वाणिज्य संकाय के वरिष्ठतम आचार्य प्रो0 श्रीवर्द्धन पाठक, आचार्य, वाणिज्य विभाग को दिनांक 16.03.2023 से 03 वर्ष अथवा उनकी सेवानिवृत्ति तिथि या कोई अन्य आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए अधिष्ठाता वाणिज्य संकाय नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
16.	कार्यालय आदेश संख्या–168 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 14.03.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में प्रो0 आनन्दसेन गुप्ता, अध्यक्ष–वाणिज्य विभाग दिनांक 15.03.2023 को 62 वर्ष की अधिवर्षिता आयु पूर्ण करते हुए सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय परिनियमावली (यथा संशोधित) के परिनियम 02.20 में प्रावधानित व्यवस्था के अनुसार एवं मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में वाणिज्य विभाग में चक्रानुक्रम में वरिष्ठ आचार्य प्रो0 श्रीवर्द्धन पाठक, को दिनांक 16.03.2023 से तीन वर्ष अथवा अन्य कोई आदेश होने तक, जो भी पहले हो तक के लिये विभागाध्यक्ष नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
17.	कार्यालय आदेश संख्या–211 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 24.03.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 12.03.2023 के क्रम में कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के परिनियम 8.03 के अन्तर्गत डॉ0 मीतू सिंह, सहायक आचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग, को डॉ0 सुधाकर लाल श्रीवास्तव, सहयुक्त आचार्य, इतिहास विभाग, के स्थान पर तत्काल प्रभाव से 03 वर्ष अथवा अन्य कोई आदेश, जो भी पहले हो तक के लिये डेलीगेसी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है। यह नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होगी सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
18.	कार्यालय आदेश संख्या–297 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 25.04.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 25.04.2023 के क्रम में कार्यपरिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की प्रथम परिनियमावली के परिनियम की धारा 02.26 के अन्तर्गत विश्वविद्यालय की आन्तरिक व्यवस्था सुदृढ़ बनाने हेतु प्रो0 गोपाल प्रसाद, आचार्य, राजनीतिशास्त्र विभाग, के स्थान पर डॉ0 सत्यापाल सिंह, सहयुक्त आचार्य, अर्थशास्त्र विभाग को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष अथवा अन्य आदेश होने तक, जो भी पहले हो तक के लिये नियन्ता पद पर नियुक्ति प्रदान किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
19.	कार्यालय आदेश संख्या–298 / सा0प्र0 / 2023 दिनांक 25.04.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश दिनांक 25.04.2023 के क्रम में विश्वविद्यालय की व्यवस्था सुदृढ़ बनाने हेतु डॉ0 रामवन्त गुप्ता, सहयुक्त आचार्य, वनस्पति विज्ञान विभाग को डॉ0 सत्यपाल सिंह, अर्थशास्त्र विभाग के स्थान

	पर समन्वयक, ITC Cell नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
20	कार्यालय आदेश संख्या–353/सा0प्र0/2023 दिनांक 14.05.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में प्रो0 संजीत कुमार गुप्ता, आचार्य, वाणिज्य विभाग का जननायक चंद्रशखर विश्वविद्यालय, बलिया में कुलपति पद पर नियुक्त हो जाने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय परिनियमावली के परिनियम 16.19 एवं उसके विभिन्न उपबन्धों 16.19(ii d) एवं 16.19(iii d) के अधीन कार्यपरिषद की स्वीकृति की प्रत्याशा में दिनांक 15.05.2023 से तीन वर्ष के लिए असाधारण अवैतनिक अवकाश स्वीकृत किया जाता है और दिनांक 14.05.2023 के अपराह्न से कार्यमुक्त किया जाता है। इनका धारणाधिकार (Line) नियमानुसार इस विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगा सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
21.	कार्यालय आदेश संख्या–365/सा0प्र0/2023 दिनांक 18.05.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में अधिष्ठाता कला संकाय को नियमित विभागाध्यक्ष की नियुक्ति अथवा अन्य कोई आदेश होने तक जो भी पहले हो, तक के लिए दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष पद के दायित्वों का निर्वहन करने हेतु अधिकृत किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
22.	कार्यालय आदेश संख्या–409/सा0प्र0/2023 दिनांक 31.05.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में प्रो0 राम आसरे सिंह, आचार्य रसायनशास्त्र विभाग द्वारा दिये गये अनुरोध पत्र दिनांक 12.04.2023 एवं 27.05.2023 पर माननीय कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में एवं माननीय कार्यपरिषद् की स्वीकृति के प्रत्याशा में प्रो0 सिंह का त्यागपत्र स्वीकार किया जाता है तथा प्रो0 राम आसरे सिंह, आचार्य रसायनशास्त्र विभाग को दिनांक 31.05.2023 के अपराह्न से कार्यमुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
23.	संशोधित कार्यालय आदेश संख्या–417/सा0प्र0/2023 दिनांक 01.06.2023 के द्वारा प्रो0 सुधा यादव आचार्य, रसायनशास्त्र विभाग का विभागाध्यक्ष के रूप में तीन वर्ष का कार्यकाल दिनांक 31.05.2023 को पूर्ण होने के उपरान्त विश्वविद्यालय परिनियमावली (यथा संशोधित) के परिनियम 02.20 के प्रावधानिक व्यवस्था के अनुसार एवं मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में रसायनशास्त्र विभाग में चक्रानुक्रम में वरिष्ठतम् आचार्य प्रो0 आफशा सिद्दिकी, आचार्य रसायनशास्त्र विभाग को दिनांक 01.06.2023 से तीन वर्ष अथवा अन्य कोई आदेश होने तक जो भी पहले हो, तक के लिए विभागाध्यक्ष नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
24.	कार्यालय आदेश संख्या–411/सा0प्र0/2023 दिनांक 01.06.2023 के द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 27(4) (यथा संशोधित) के अन्तर्गत कुलपति महोदय के आदेश दिनांक 31.05.2023 के अनुपालन में प्रो0 नन्दिता आई0पी0 सिंह, आचार्य, अंग्रेजी विभाग का अधिष्ठाता कला संकाय के रूप में कार्यकाल दिनांक 31.05.2023 को समाप्त होने के फलस्वरूप अधिष्ठाता–कला संकाय के पद पर कला संकाय के वरिष्ठतम आचार्य, डॉ0कीर्ति पाण्डेय, आचार्य, समाजशास्त्र विभाग को दिनांक 01.06.2023 से 03 वर्ष अथवा उनकी सेवानिवृत्ति तिथि या कोई अन्य आदेश, जो भी पहले हो, तक के लिए अधिष्ठाता कला संकाय नियुक्त किये जाने सम्बन्धी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
25.	अधिसूचना संख्या–104/वि0प्र0/2023 दिनांक 01.05.2023 के द्वारा मा0 कुलपति महोदय के आदेशानुसार दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से सम्बन्धित मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में विश्वविद्यालय के विरूद्ध योजित होने वाली याचिकाओं/वादो में विश्वविद्यालय तथा मा0 कुलाधिपति महोदय का पक्ष उपस्थापित करने हेतु निम्नलिखित अधिवक्ताओं को नामित किया जाता है। शुल्क आदि का भुगतान नियमानुसार देय होगा।

क्र.स.	नामित अधिवक्ता का नाम व पता	पद	अन्य विवरण
1	श्री शुभ्रान्शु शेखर 52ए, म्योर रोड, राजापुर, प्रयागराज–211001 मो0–9936084546	पैनल अधिवक्ता	
2.	श्री प्रांजल सिंह 34, 276/89(21) म्यौर रोड, नीयर	पैनल अधिवक्ता	

	आशा हास्पिटल प्रयागराज–211001 मोबाइल–8130579630		
3.	श्री विनायक वर्मा 5, पोन्नप्पा रोड, न्यू कैंट, प्रयागराज मोबाइल–9335155141	पैनल अधिवक्ता	
4.	श्री बालमुकुन्द सिंह, 24/1–ए, आस्था सोसाइटी, हैस्टिंग्स रोड, अशोक नगर, प्रयागराज–211001 मो0–9198340904	पैनल एवं रिटेनर अधिवक्ता	मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में विश्वविद्यालय की ओर से नोटिस प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है।

मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में उपर्युक्त के अतिरिक्त पूर्व में किसी भी आदेश/अधिसूचना द्वारा विश्वविद्यालय का पक्ष उपस्थापित करने हेतु नामित अधिवक्तागण की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की जाती है सम्बन्धी आधिसूचना से अवगत होना।

कार्य परिषद् ने उक्त अधिसूचना से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।

26.	अधिसूचना संख्या–105/वि0प्र0/2023 दिनांक 10.05.2023 के द्वारा मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर से सम्बन्धित मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में विश्वविद्यालय के विरूद्ध योजित होने वाली याचिकाओं/वादो में विश्वविद्यालय तथा मा0 कुलाधिपति महोदय का पक्ष उपस्थापित करने हेतु पूर्व में निर्गत अधिसूचना पत्रांक 104/वि0प्र0/2023 दिनांक 01.05.2023 द्वारा नामित अधिवक्तागण की सूची में श्री कृष्णराज सिंह जादौन, चैम्बर न0 117, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद, (आवास–विला,21, शान्ती नगर, नीवन, निकट नेहरू पार्क, प्रयागराज, मो0 9415324226,7607203400) को भी सम्मिलित किया जाता है। शुल्क आदि का भुगतान विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगा सम्बन्धी अधिसूचना से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त अधिसूचना से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
27.	कार्यालय आदेश संख्या 424/सा0प्र0/2023 दिनांक 04.06.2023 द्वारा डॉ0 नरेन्द्र कुमार राना, का बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी के भूगोल विभाग में आचार्य पर पर स्थायी नियुक्ति हो जाने के फलस्वरूप उनके प्रार्थना पत्र दिनांक 06.02.2023 के क्रम में तथा मा0 कुलपति जी के आदेश के अनुपालन में दिनांक 23.04.2023 से उनके तकनीकी त्यागपत्र संबंधी आदेश से अवगत होना। कार्य परिषद् ने उक्त आदेश से अवगत होते हुये स्वीकृति प्रदान की ।
28.	कार्य परिषद ने सत्र 2023–24 के अस्थायी/स्थायी सम्बद्धता हेतु कुल 70 निरीक्षण मण्डल के सदस्यों की सूची, बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित 65 महाविद्यालयों को सत्र 2023–24 के विस्तरण की सूची तथा बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पूर्व में गठित निरीक्षण मण्डल की आख्या पर शासनादेश के अनुसार दिनांक 15.06.2023 तक निस्तारित किये गये महाविद्यालयों की सूची से अवगत होते हुए अनुमोदन पर विचार किया। कार्य परिषद् ने सत्र 2023–24 के अस्थायी/स्थायी सम्बद्धता हेतु कुल 70 निरीक्षण मण्डल के सदस्यों की सूची, बी0एड0 पाठ्यक्रम संचालित 65 महाविद्यालयों को सत्र 2023–24 के विस्तरण की सूची तथा बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पूर्व में गठित निरीक्षण मण्डल की आख्या पर शासनादेश के अनुसार दिनांक 15.06.2023 तक निस्तारित किये गये महाविद्यालयों की सूची को अनुमोदित किया।
29.	कार्य परिषद ने नये कुलपति के नाम की संस्तुति हेतु कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्या : ई–3122/जी0एस0 दिनांक 24 मई, 2023 के क्रम में उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 12(2) (क) में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत मा0 कुलाधिपति महोदया द्वारा गठित किये जाने वाले समिति में विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद द्वारा समिति का सदस्य नामित किये जाने के सम्बन्ध में विचार किया। सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से कार्य परिषद द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 12(2) (क) में वर्णित प्रावधान के अन्तर्गत नये कुलपति के नाम की संस्तुति हेतु प्रो0 अविनाश चन्द्र पाण्डेय, पूर्व कुलपति, बुदेलखण्ड विश्वविद्यालय,झांसी, निदेशक, इण्टर यूनिवर्सिटी एक्सीलरेटर सेन्टर, अरूणा असफ अली, मार्ग, नई दिल्ली को माननीय कुलाधिपति महोदया द्वारा गठित किये जाने वाली समिति का सदस्य नामित किया गया।
30.	अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दुओं पर विचार।
30(1)	कार्य परिषद ने कार्यपरिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 15.06.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार किया।

	सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने अपनी आकस्मिक बैठक दिनांक 15.06.2023 के कार्यवृत्त को सम्पुष्ट किया।
30(2)	कार्य परिषद ने कार्य परिषद् की बैठक दिनांक 15.06.2023 में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रतिवेदन से अवगत होना। कार्य परिषद ने अपनी आकस्मिक बैठक दिनांक 15.06.2023 में लिये गये निर्णय के क्रियान्वयन सम्बन्धी प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया।
30(3)	कार्य परिषद ने पांच शिक्षकों का कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत (CAS) के तहत प्रोन्नति हेतु चयन समिति की संस्तुति एवं दिनांक 17.06.2023 को शिक्षाशास्त्र एवं प्रौढ़ सतत् एवं प्रसार शिक्षा विभाग में हुई नियुक्ति सम्बन्धी चयन समिति की संस्तुति पर विचार किया। <u>कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत (CAS) के अन्तर्गत–</u>
(a)	<u>इतिहास विभाग–</u> कार्यपरिषद् ने इतिहास विभाग में कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत सहयुक्त आचार्य चरण–4 ग्रेड पे रु0 9,000/–से आचार्य चरण–5 ग्रेड पे रु0 10,000/– के पद पर प्रोन्नति हेतु चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत डॉ0 सुधाकर लाल श्रीवास्तव, इतिहास विभाग को उनकी अर्हता तिथि से सहयुक्त आचार्य चरण 4 से आचार्य चरण–5 वेतन लेवल 14 (ग्रेड पे रु0 10,000/–) में विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान की।
(b)	कार्यपरिषद् ने इतिहास विभाग में कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत सहयुक्त आचार्य चरण–4 ग्रेड पे रु0 9,000/–से आचार्य चरण–5 ग्रेड पे रु0 10,000/– के पद पर प्रोन्नति हेतु चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत डॉ0 मनोज कुमार तिवारी, इतिहास विभाग को उनकी अर्हता तिथि से सहयुक्त आचार्य चरण 4 से आचार्य चरण–5 वेतन लेवल 14 (ग्रेड पे रु0 10,000/–) में विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान की।
(c)	<u>प्राचीन इतिहास विभाग–</u> कार्यपरिषद् ने प्राचीन इतिहास विभाग में कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत सहयुक्त आचार्य चरण–4 ग्रेड पे रु0 9,000/–से आचार्य चरण–5 ग्रेड पे रु0 10,000/– के पद पर प्रोन्नति हेतु चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत डॉ0 रामप्यारे मिश्र, प्राचीन इतिहास विभाग को उनकी अर्हता तिथि से सहयुक्त आचार्य चरण 4 से आचार्य चरण–5 वेतन लेवल 14 (ग्रेड पे रु0 10,000/–) में विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान की।
(d)	कार्यपरिषद् ने प्राचीन इतिहास विभाग में कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत सहयुक्त आचार्य चरण–4 ग्रेड पे रु0 9,000/–से आचार्य चरण–5 ग्रेड पे रु0 10,000/– के पद पर प्रोन्नति हेतु चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत डॉ0 ध्यानेन्द्र नारायण दूबे, प्राचीन इतिहास विभाग को उनकी अर्हता तिथि से सहयुक्त आचार्य चरण 4 से आचार्य चरण–5 वेतन लेवल 14 (ग्रेड पे रु0 10,000/–) में विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान की।
(e)	<u>समाजशास्त्र विभाग–</u> कार्यपरिषद् ने समाजशास्त्र विभाग में कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत सहयुक्त आचार्य चरण–4 ग्रेड पे रु0 9,000/–से आचार्य चरण–5 ग्रेड पे रु0 10,000/– के पद पर प्रोन्नति हेतु चयन समिति की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुये कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत डॉ0 अनुराग द्विवेदी, समाजशास्त्र विभाग को उनकी अर्हता तिथि से सहयुक्त आचार्य चरण 4 से आचार्य चरण–5 वेतन लेवल 14 (ग्रेड पे रु0 10,000/–) में विश्वविद्यालय

	परिनियमावली के अन्तर्गत प्रोन्नति प्रदान की।
*	कार्य परिषद ने कैरियर एडवान्समेण्ट योजनान्तर्गत (CAS) के तहत प्रोन्नति पाने वाले पांच शिक्षकों को कार्यभार ग्रहण कराने का निर्देश देने के साथ–साथ इनके इलिजिबिलिटी डेट (Eligibility Date) निर्धारित करने हेतु निम्नलिखित की एक समिति गठित करने का निर्णय लिया– 1. प्रो0 रामअचल सिंह, सदस्य कार्य परिषद – अध्यक्ष 2. प्रो0 वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी, सदस्य कार्य परिषद – सदस्य 3. श्री संत प्रकाश सिंह, वित्त अधिकारी – सचिव
(f)	सीधी भर्ती के अन्तर्गत – शिक्षाशास्त्र विभाग– कार्यपरिषद् ने शिक्षाशास्त्र विषय में अनुसूचित जाति वर्ग के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 01 पद पर नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठक दिनांक 17 जून 2023 की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की बैठक दिनांक 17 जून 2023 की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए शिक्षाशास्त्र विभाग में अन्य पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 01 पद पर वेतनमान रु0 57,700-1,82,400 लेवल10 (ग्रेड पे रु0 6,000/-) में विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत डॉ0 अर्जुन सोनकर पुत्र श्री रामप्रकाश सोनकर को नियुक्ति प्रदान की।
(g)	कार्यपरिषद् ने शिक्षाशास्त्र विषय में आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) वर्ग के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 01 पद पर नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठक दिनांक 17 जून 2023 की संस्तुतियों पर विचार किया। कार्यपरिषद् ने चयन समिति की बैठक दिनांक 17 जून 2023 की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए शिक्षाशास्त्र विभाग में आर्थिक रूप से कमजोर (EWS) वर्ग के अन्तर्गत सहायक आचार्य के 01 पद पर वेतनमान रु0 57,700-1,82,400 लेवल10 (ग्रेड पे रु0 6,000/-) में विश्वविद्यालय परिनियमावली के अन्तर्गत डॉ0 मुकेश कुमार सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह को नियुक्ति प्रदान की।
*	शिक्षाशास्त्र विभाग में आचार्य अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति संवर्ग के 01 पद हेतु कोई आवेदन पत्र प्राप्त न होने के कारण साक्षात्कार आमंत्रित नहीं किया गया।
*	शिक्षाशास्त्र विभाग में सहयुक्त आचार्य अन्य पिछड़ा संवर्ग के 01 पद हेतु 02 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसके कारण साक्षात्कार आमंत्रित नहीं किया गया तथा उक्त सवंर्ग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के 01 पद हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों में 02 अभ्यर्थी अर्ह पाये गये, जिससे साक्षात्कार आमंत्रित नहीं किया गया।
(h)	प्रौढ़ सतत् एवं प्रसार शिक्षा विभाग– प्रौढ़ सतत एवं प्रसार शिक्षा विभाग में आचार्य अनारक्षित संवर्ग के 01 पद हेतु कुल 5 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 01 अभ्यर्थी अर्ह पाया गया, जिससे साक्षात्कार आमंत्रित नही किया गया तथा उक्त विषय में सहयुक्त आचार्य अनारक्षित संवर्ग के 01 पद हेतु कुल 14 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 04 अभ्यर्थी अर्ह पाये गये, जिसमें कोई अभ्यर्थी योग्य नहीं पाया गया, तथा उक्त विषय में सहायक आचार्य अन्य पिछड़ा वर्ग के 01 पद हेतु कुल 33 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 10 अभ्यर्थी अर्ह पाये गये, जिसमें कोई अभ्यर्थी योग्य नहीं पाया गया एवं उक्त विषय में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में सहायक आचार्य के 01 पद पर 10 अभ्यर्थियों में से किसी अभ्यर्थी को योग्य नहीं पाया गया।
*	सहयुक्त आचार्य एवं आचार्य पदों पर सीधी भर्ती हेतु EWS संवर्ग के अभ्यर्थी न मिलने के सम्बन्ध में शासन को पत्र लिखने हेतु कार्य परिषद ने निर्देशित किया।
30(4)	कार्य परिषद ने विद्या परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 24.06.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार किया। सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने विद्या परिषद की आकस्मिक बैठक दिनांक 24.06.2023 के कार्यवृत्त की संस्तुतियों को स्वीकार किया।
30(5)	कार्य परिषद ने वित्त समिति की बैठक दिनांक 21.06.2023 की संस्तुतियों पर विचार किया। सम्यक् विचारोपरान्त कार्य परिषद ने वित्त समिति की बैठक दिनांक 21.06.2023 की संस्तुतियों को स्वीकार किया।
30(6)	कार्य परिषद ने प्रो. शोभा गौड़, आचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग, प्रो0 दीपनारायण यादव, सेवानिवृत्त आचार्य, दर्शनशास्त्र विभाग एवं डॉ0 दमयन्ती तिवारी, सेवानिवृत्त सहयुक्त आचार्य, हिन्दी विभाग की

	सेवा जोड़े जाने के सम्बन्ध में गठित समिति द्वरा लिये गये निर्णय के अनुमोदन पर विचार किया। सम्यक विचारोपरान्त कार्य परिषद ने प्रो0 शोभा गौड़, आचार्य, शिक्षाशास्त्र विभाग, प्रो0 दीपनारायण यादव, सेवानिवृत्त आचार्य, दर्शनशास्त्र विभाग, एवं डॉ0 दमयन्ती तिवारी, सेवानिवृत्त सहयुक्त आचार्य, हिन्दी विभाग की सेवा जोड़े जाने के सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा लिये गये निर्णय को स्वीकार किया।
30(7)	प्रो0 कमलेश कुमार गुप्त, आचार्य के निलम्बन एवं अनुशासनात्मक समिति की संस्तुति के सम्बन्ध में अवगत होना। प्रो0 कमलेश कुमार गुप्ता को दिनांक 13.10.2022 को निलंबित किया गया था तथा इसकी संस्तुति दिनांक 07.11.2022 को कार्य परिषद द्वारा की गयी। कार्य परिषद ने प्रो0 गुप्त के प्रकरण में एक अनुशासनात्मक समिति विश्वविद्यालय परिनियम 2.07 के अनुसार कार्यालय आदेश सं0 320–ए/कुलपति/2023, दिनांक 09.11.2022 द्वारा गठित की, जिसके सदस्य निम्न थे – 1. कुलपति, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय 2. जस्टिस शमसेर बहादुर सिंह 3. डॉ0 कैलाश सोडानी, कुलपति, वी0एम0ओ0यू0, राजस्थान इसी आदेश के अनुसार एक अवकाश प्राप्त जिला जज श्री अरूणेन्द्र सिंह को जांच अधिकारी बनाया गया जो अनुशासनात्मक समिति व प्रो0 कमलेश कुमार गुप्ता के मध्य समन्वय स्थापित करके तथ्यों को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष रखेंगे। अनुशासनात्मक समिति द्वारा प्रो0 कमलेश कुमार गुप्त को दिनांक 22.03.2023 को आरोप पत्र दिया गया। प्रो0 कमलेश कुमार गुप्ता को आरोप पत्र निलंबन के करीब 05 माह बाद दिया गया, जबकि अधिनियम में यह व्यवस्था है कि निलंबन के चार सप्ताह के अन्दर आरोप पत्र दिया जाना चाहिए। प्रो0 कमलेश कुमार गुप्त द्वारा दिनांक 26.04.2023 को अपने निलंबन के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में रिट याचिका सं0 7506/2023 दाखिल किया गया, आरोप पत्र में हुये विलंब का कारण तथा अनुशासनात्मक समिति नियमानुसार बनाये जाने के तथ्यों को माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता द्वारा प्रक्रिया सहित प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 10.05.2023 को प्रो0 कमलेश कुमार गुप्त के निलंबन को स्थगित कर दिया गया। प्रो0 कमलेश कुमार गुप्त, आचार्य के निलंबन एवं अनुशासनात्मक समिति की संस्तुति के सम्बन्ध में निम्नवत निर्णय लिये गये – (क) प्रो0 गुप्त के निलंबन को मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 10.05.2023 के दृष्टिगत कार्य परिषद द्वारा बैठक दिनांक 24.06.2023 को प्रो0 गुप्त का निलंबन स्थगित रखने का निर्देश दिया गया। (ख) अनुशासनात्मक समिति ने प्रो0 कमलेश कुमार गुप्ता के आचरण व क्रिया कलाप को देखते हुये यह निर्णय लिया कि उनके आचरण में कोई सुधार नहीं हो रहा है, उन्होंने आरोप पत्र व निलंबन के बाद भी जांच अधिकारी/विश्वविद्यालय के पत्रों दिनांक 08.04.2023, 12.05.2023, 02.06.2023, 07.06.2023 व 12.06.2023 को न तो प्राप्त कर रहे हैं और न ही जबाब दे रहे हैं, यह कृत्य घोर अनुशासन हीनता की कोटि में आता है। अनुशासनात्मक समिति ने कहा है कि इनके द्वारा किये जा रहे आचरण व क्रिया कलापों से विश्वविद्यालय का माहौल खराब हो रहा है। आरोपों की गंभीरता को देखते हुये प्रो0 कमलेश कुमार गुप्ता को नये आरोप पत्र दिये जांय तथा जांच की कार्यवाही पूर्ण होने तक प्रो0 कमलेश कुमार गुप्त को निलंबित रखा जाय। उक्त कार्यवाही की जानकारी कार्य परिषद को दी गयी और कार्य परिषद द्वारा इसे स्वीकार किया गया।

मा0 कुलपति जी द्वारा दिनांक 24.06.2023 को कुलाधिपति नामित सदस्यों के समाप्त हो रहे कार्यकाल पर कार्यपरिषद की बैठक में सहयोग किये जाने पर आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात कुलसचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन हुई।

कुलसचिव

कुलपति

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक दिनांकः 15.06.2023 का कार्यवृत्त

उपस्थिति :

1.	प्रो0 राजेश सिंह, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 सुभी धूसिया	सदस्य
3.	प्रो0 कमलेश कुमार गौतम	सदस्य
4.	प्रो0 उमेश यादव	सदस्य
5.	प्रो0 दिनेश यादव (आनलाइन उपस्थित)	सदस्य
6.	डॉ0 राजेश पाण्डेय	सदस्य
7.	डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह	सदस्य
8.	डॉ0 शेखर वर्मा	सदस्य
9.	डॉ0 धीरेन्द्र सिंह	सदस्य
10.	प्रो0 रामअचल सिंह	सदस्य
11.	प्रो0 वशिष्ठ नारायण त्रिपाठी (आनलाइन उपस्थित)	सदस्य
12.	श्री संत प्रकाश सिंह,वित्त अधिकारी	सदस्य
13.	श्री विशेश्वर प्रसाद, कुलसचिव	सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा0 कुलपति जी के साथ–साथ कार्य परिषद के समस्त सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात् निवर्तमान सदस्य प्रो0 गोपाल प्रसाद, राजनीतिशास्त्र विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 सुनीता मूर्मू, अंग्रेजी विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 दिग्विजयनाथ, प्राचीन इतिहास विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 धनंजय कुमार, मनोविज्ञान विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ0 उपेन्द्र नाथ त्रिपाठी, कम्प्यूटर सांइस विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ0 राजू कुमार गुप्ता, अर्थशास्त्र विभाग, डॉ0 प्रदीप कुमार राव, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर द्वारा नामित प्रतिनिधि को उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया एवं नवनामित सदस्य, प्रो0 सुभी धूसिया, समाजशास्त्र विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 कमलेश कुमार गौतम, प्राचीन इतिहास विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 दिनेश यादव, जैव–प्रौद्योगिकी विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 उमेश यादव, भौतिकी विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो0 वशिष्ट नारायण पाण्डेय, वनस्पति विज्ञान विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ0 ध्यानेन्द्र नारायण दूबे, प्राचीन इतिहास विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, डॉ0 राजेश पाण्डेय, गणित एवं सांख्यिकी विभाग, दी0द0उ0 गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, एवं डॉ0 शैलेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व प्राचार्य, दिग्विजय नाथ पी0जी0 कालेज,गोरखपुर का स्वागत करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा की। इसके पश्चात कुलसचिव द्वारा मा0 कुलपति जी के निर्देश पर कार्यसूची क्रमशः पटल पर विचारार्थ प्रस्तुत की गयी।

कार्यवृत्तः–

बिन्दु संख्या	प्रस्ताव एंव निर्णय
